प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 10.12.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1-दहेज के लिये प्रताड़ित कर,महिला की हत्या कर देने का एक और आरोपी गिरफ्तार,थाना भोजपुरः-

अवगत कराना है कि दिनांक 10.11.2024 को वादी निवासी थाना भोजपुर क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा वादी की बहन को दहेज के लिये प्रताड़ित करने व गाली-गलौज कर हत्या कर देने आदि के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना भोजपुर पर मु0अ0सं0-0512/2024 धारा-85/115(2)/352/351(3)/80(2)/238 भारतीय न्याय संहिता व धारा- 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में पूर्व में 03 आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है। आज दिनांक 10.12.2024 को उ0नि0 शराफत हुसैन थाना भोजपुर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के मुकदमा उपरोक्त में वांछित एक और आरोपी मौ0 उमर उर्फ लल्ला पुत्र छिद्दा निवासी मौहल्ला मनिहारन कस्बा व थाना भोजपुर,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

मौ0 उमर उर्फ लल्ला पुत्र छिद्दा निवासी मौहल्ला मनिहारन कस्बा व थाना भोजपुर,मुरादाबाद।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

उ0नि0 शराफत हुसैन थाना भोजपुर,मुरादाबाद।

का0 अनुज कुमार थाना भोजपुर,मुरादाबाद।

2-थाना कटघर पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 01 आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 10.12.2024 को थाना कटघर पुलिस द्वारा आरोपी फरमान उर्फ भोपा हकीम अहमद निवासी करुला थाना कटघर,मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।